# आकाशवाणी गोरखपुर
## प्रादेशिक समाचार

दिनांक–23 अगस्त 2024 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- कड़ी सुरक्षा व्यवस्था और निगरानी के बीच प्रदेश में आज से शुरू हो रही है पुलिस भर्ती परीक्षा। कुल 48 लाख 17 हजार 441 अभ्यर्थी होंगे शामिल।
- सरकारी और निजी संस्थानों में महिला कर्मियों से नहीं ले सकेंगे तय समय से ज्यादा काम। जरूरत पड़ने पर महिला कर्मियों को घर पहुंचायेगी पुलिस पीआरवी।
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मुजफ्फरनगर में रोजगार और ऋण मेले का किया शुभारंभ। पांच हजार से अधिक युवाओं को वितरित किये नियुक्ति पत्र।
- जन्माष्टमी पर वृंदावन के बांके बिहारी मंदिर में बच्चों, बुजुर्गों और बीमार लोगों को नहीं मिलेगा प्रवेश। मुख्यमंत्री 25 अगस्त को मथुरा में करेंगे जन्माष्टमी महोत्सव का शुभारंभ।

**********

कड़ी सुरक्षा व्यवस्था और निगरानी के बीच आज से प्रदेश में आरक्षी नागरिक पुलिस–2023 सीधी भर्ती के लिये परीक्षाएं शुरू होंगी। यह परीक्षाएं आज के अलावा 24, 25, 30 और 31 अगस्त को सड़सठ जिलों के एक हजार एक सौ चौहत्तर केंद्रों पर आयोजित की जाएंगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर परीक्षा केन्द्रों के आसपास हॉट स्पॉट की निगरानी ड्रोन कैमरों से कराई जायेगी। सुरक्षा प्रबंधों में तकनीक का भी अधिक से अधिक उपयोग सुनिश्चित कराया जायेगा। सिपाही भर्ती परीक्षा में कुल 48 लाख 17 हजार 441 अभ्यर्थी पंजीकृत हैं। इनमें उत्तर प्रदेश के बाद सर्वाधिक दो लाख 67 हजार 296 अभ्यर्थी बिहार के हैं। परीक्षा से सम्बंधित शिकायत या जानकारी के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी किये गए हैं। ये नंबर हैं शून्य पांच दो दो – दो छह एक एक एक एक सात तथा शून्य पांच दो दो – दो छह एक एक एक एक आठ, और शून्य पांच दो दो – दो छह एक एक एक एक नौ। तीनों नंबर लखनऊ जिला प्रशासनिक मुख्यालय कलेक्ट्रेट में स्थापित कंट्रोल रूम के हैं। लखनऊ में इक्यासी परीक्षा केन्द्रों, वाराणसी में अस्सी परीक्षा केन्द्रों, मिर्जापुर में चौदह, उन्नाव में नौ और बुलन्दशहर में दस और गोरखपुर में पचपन केन्द्रों पर परीक्षा आयोजित होगी।

पुलिस भर्ती और प्रोन्नति बोर्ड के अधिकारियों के अनुसार परीक्षा में शामिल होने के लिये देशभर से अभ्यर्थी आ रहे हैं। मध्य प्रदेश के 98 हजार से अधिक, राजस्थान से 97 हजार, हरियाणा से करीब 74 हजार और दिल्ली से 42 हजार से अधिक अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल होंगे।

पुलिस भर्ती परीक्षा में शामिल होने के लिए विभिन्न प्रदेशों से आ रहे अभ्यर्थियों के लिए परिवहन के पर्याप्त इंतजाम किये गये हैं। रेलवे आठ स्पेशल ट्रेनों का संचालन करेगा। रोडवेज की बसो में अभ्यर्थी एडमिट कार्ड दिखाकर निःशुल्क यात्रा कर सकेंगे। परीक्षा में शामिल होने के लिए आ रहे अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए रोडवेज ने विभिन्न मार्गों पर बसों की संख्या बढ़ाई है।

**********

कोलकाता के सरकारी अस्पताल में हुयी घटना को देखते हुए प्रदेश में कार्य स्थल और सार्वजनिक स्थानों पर महिलाओं के सुरक्षा प्रबंधों को लेकर विस्तृत दिशा–निर्देश जारी किये गये हैं। सभी सरकारी और निजी संस्थानों में महिलाकर्मियों से तय समय से ज्यादा काम नही लेने और रात में जरूरत पड़ने पर पुलिस वाहन पीआरवी से घर पहुंचाने की व्यवस्था का भी निर्देश दिया गया है। अपर मुख्य सचिव गृह दीपक कुमार की ओर से जारी निर्देशों में कहा गया है कि रात में आवागमन के दौरान महिलाओं के सुरक्षा प्रबंधों व कार्य स्थल की सुरक्षा का नियमित सत्यापन किया जाय। महिलाओं के लिये कार्य स्थल में अलग व सुरक्षित विश्राम कक्ष और प्रसाधन अनिवार्य रूप से सुनिश्चित किया जाय। कार्य स्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न अधिनियम दो हजार तेरह के तहत एक आन्तरिक शिकायत समिति के गठन और अन्य निर्देशों का भी पालन सुनिश्चित कराने को कहा गया है। कार्य स्थल परिसर की निगरानी के लिये सीसीटीवी कैमरे, कंट्रोल सिस्टम व सुरक्षा कर्मियों की तैनाती के निर्देश दिये गये हैं। संस्थान के सभी महिला कर्मचारियों को पहचान पत्र देने को कहा गया है, जिसमें आपातकालीन नम्बर जरूर दर्ज हो।

इसी तरह पुलिस को रात में कॉल सेंटर, स्वास्थ्य संस्थानों, कार्यालयों, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों, मॉल, सिनेमा घर, होटल, रेलवे स्टेशन और बस अड्डे की सूची बनाकर सुरक्षा प्रबंध करने का निर्देश दिया गया है। साथ ही, इन सभी स्थलों के मार्गों पर संवेदनशील स्थान चिन्हित कर वहां यूपी एक सौ बारह की पीआरवी तैनात करने को कहा गया है।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल मुजफ्फरनगर में वृहद रोजगार और ऋण मेला का शुभारंभ किया। इस दौरान 5 हजार से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र एवं विभिन्न योजनाओं में चयनित पात्रों और एमएसएमई उद्यमियों को 30 करोड़ से अधिक का ऋण वितरित किया गया। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने यहां स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के अंतर्गत एक हजार से अधिक छात्र–छात्राओं को टैबलेट भी बांटे। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि कभी दंगो के लिए जाना जाने वाला पश्चिमी उत्तर प्रदेश आज कांवड़ यात्रा के लिए पहचाना जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार ने पारदर्शी और निष्पक्ष तरीके से युवाओं को रोजगार से जोड़ा है। आने वाले दो वर्षों में दो लाख से अधिक नौकरियां दी जायेंगी।

***अगले दो वर्ष में दो लाख नौजवानों को सरकारी नौकरी देनी है और जिसमें पहली नौकरी की खेप आपको निकल रही है कल से तेईस चौबीस पच्चीस अगस्त को फिर तीस और इकतीस अगस्त को हम लोग 60 हजार से अधिक पुलिस कार्मिकों की भर्ती करने जा रहे हैं और मैं आप सभी नौजवानों से कहूँगा इस भर्ती की प्रक्रिया में भाग लीजिए।***

इससे पहले मुख्यमंत्री ने 17 और 18 अगस्त को अम्बेडकर नगर और अयोध्या में आयोजित रोजगार मेले में बारह हजार नियुक्ति पत्र वितरित किये थे।

**********

मथुरा जिले के वृंदावन स्थित बांके बिहारी मंदिर में सत्ताईस अगस्त को प्रस्तावित जन्माष्टमी पर्व के उत्सव में बुजुर्ग, बच्चों और बीमार लोगों को प्रवेश नहीं मिलेगा। यह जानकारी मंदिर प्रबंधन ने एडवाइजरी जारी कर दी है। मंदिर प्रबंधन ने यह फैसला भारी भीड़ और पिछले दिनों हुई घटनाओं को देखते हुए लिया है। उधर, ब्रज तीर्थ विकास परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्याम बहादुर सिंह ने बताया कि इस बार पांच हजार दो सौ इक्यावनवे श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव का शुभारंभ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पच्चीस अगस्त को मथुरा में करेंगे। वह इस मौके पर बरसाना रोपवे और यमुना क्रूज समेत एक सौ सैंतीस परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास भी करेंगे। इसी के साथ ब्रज मंडल में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का शुभारम्भ भी हो जायेगा। महोत्सव के दौरान सांसद हेमामलिनी की नृत्य प्रस्तुति भी होगी।

जन्माष्टमी को देखते हुए मथुरा में सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए जा रहे हैं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश पांडेय ने बताया कि श्रीकृष्ण जन्मभूमि मन्दिर परिसर और आस पास के क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था, यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ किया गया है।

**********

प्रभु श्रीराम के दिव्य और भव्य मंदिर में विराजमान होने के बाद इस बार अयोध्या में मनाए जाने वाला दीपोत्सव कार्यक्रम काफी भव्य होगा। आठवें दीपोत्सव की तैयारियां अभी से शुरू हो गयी है। डाक्टर राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के स्वंय सेवक इस वर्ष पच्चीस लाख से अधिक दीपक जलाकर नया कीर्तिमान स्थापित करने की तैयारी में है। प्रर्यटन विभाग के उपनिदेशक आर पी यादव का कहना है कि इस बार दीपात्सव को बेहद खास ढंग से मनाए जाने की तैयारियां हो रही है। पिछले साल इक्कीस लाख दिये जलाकर विश्व रिकॉर्ड बनाया गया था। इस वर्ष पच्चीस लाख दीपक जलाकर पुराना रिकॉर्ड तोड़ने की योजना है।

**********

पहला राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस आज मनाया जाएगा। पिछले वर्ष इसी तिथि को चंद्रयान–3 मिशन के विक्रम लैंडर ने चंद्रमा की सतह पर सॉफ्ट लैंडिंग की थी। इसी उपलक्ष्य में सूचना और प्रसारण मंत्रालय का केन्द्रीय संचार ब्यूरो लखनऊ में प्रदर्शनी और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन कर रहा है। इसी क्रम में प्रदेश के विभिन्न जिलों के विद्यालयों में युवा पीढ़ी को अंतरिक्ष के बारे में जानकारी देने के उद्देश्य से गोष्ठी और व्याख्यान के अलावा विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है।

**********

ललितपुर जिले के महरौनी तहसील अंतर्गत ग्राम भैरा में डायरिया के चलते दो भाइयों समेत तीन मासूम बच्चों की मौत हो गई, जबकि बीस से ज्यादा लोग बीमार हैं। गम्भीर रूप से बीमार व्यक्तियों को सीएचसी महरौनी और ललितपुर जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। सीएमओ ललितपुर डा. इम्तियाज खान ने बताया कि सहरिया बस्ती में लगे हैण्डपम्प का दूषित पानी पीने से लोग बीमार हुए हैं। पानी का सैम्पल जांच के लिए भेजा गया है और स्वास्थ्य विभाग की ओर से घर घर जाकर लोगों को दवा वितरित की जा रही है।

**********

प्रदेश में बारिश और बांधो से पानी छोड़े जाने के कारण कई नदियां खतरे के निशान से ऊपर पहुंच गई हैं। गंगा नदी बदायूं और बलिया तो घाघरा नदी, बाराबंकी, अयोध्या जबकि राप्ती नदी, सिद्वार्थ नगर, गोरखपुर और क्वानो नदी गोण्डा में खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। उधर मौसम विभाग के मुताबिक अगले दो दिनों तक प्रदेश के विभिन्न जिलों में हल्की से मध्यम बारिश का सिलसिल जारी रहेगा।

**********